Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 10 / 01 / 2023

प्रकाशनार्थ

**दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के नैक मूल्यांकन के लिए नैक पीयर टीम की विजिट 12,13 व 14 जनवरी को**

गोरखपुर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश सिंह ने आज सभी अधिष्ठातागण विभागाध्यक्षगण कोऑर्डिनेटर्स तथा अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक में नैक पियर टीम की विजिट की तिथि की घोषणा की।

कुलपति ने बताया कि विश्विद्यालय के नैक मूल्यांकन के लिए पियर टीम की विजिट 12 13 तथा 14 जनवरी को सम्पन्न होगी।

कुलपति ने कहा की हम सबने अपना बेहतर प्रस्तुत करने की कोशिश की है। कठिन परिश्रम कर सभी तैयारियां पूरी की कर ली गई है। सभी विद्यार्थीए अभिभावक तथा अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ.साथ गोरखपुर क्षेत्र के आसपास की जनता हमारी तरफ एक उम्मीद से देख रही है। यह गोरखपुर के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मुझे पूरा विश्वास है कि विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन में अच्छा प्रदर्शन करेगा। आप सब को मेरी तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं। सभी अधिष्ठातागणए विभाग अध्यक्षगण तथा कोऑर्डिनेटर बेहतर प्रेजेंटेशन तैयार रखे। मुझे पूरा विश्वास है कि आप नैक टीम के समक्ष एक बेहतर प्रस्तुति करेंगे।

Mahendra Kumar Singh
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur